# स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत - मई 2021



# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## पीपलकोटी

### 31 गांवों में कुल 9 शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 1177 लोग लाभान्वित हुए



पंजीकरण
24-05-2021, बौला गांव



बुखार की जांच
24-05-2021, बौला गांव



डॉक्टर परामर्श देते हुए
25-05-2021, सैंजी गांव



डॉक्टर परामर्श देते हुए
22-05-2021, हरमनी गांव

पीपलकोटी (बद्रीनाथ मार्ग) चिकित्सालय द्वारा चमोली जिले के जोशीमठ और दशोली ब्लाक के पाखी, स्यूण, बड़गांव, हरमनी, तंगड़ी, बौला, सैनजी, किमाणा और सैकोट नामक गांवों में सामुदायिक चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए, जो कि हमारे चिकित्सालय से निकटतम 8 किमी से लेकर अधिकतम 47 किमी की दूरी पर स्थित थे। ये 9 सामुदायिक चिकित्सा शिविर क्रमशः 14 से 31 मई के बीच आयोजित किए गए।

इन गांवों का चयन उनकी दुर्गमता, आसपास किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधा की अनुपलब्धता, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में कठिनाई और मौजूदा स्वास्थ्य समस्याओं के आधार पर किया गया था। साथ ही इन शिविरों का आयोजन इस प्रकार से किया गया था कि आसपास के कई अन्य गांवों को भी इसका लाभ प्राप्त हो सके। शिविर के बारे में पहले से ही मुख्य और आसपास के गांवों को सूचित कर दिया गया था ताकि अधिक से अधिक ग्रामवासी इनका लाभ ले सकें। नियमतः अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए और किसी भी प्रकार के परिवहन सुविधा हेतु ग्रामवासियों को काफी दूर तक की पैदल यात्रा करनी पड़ती है, जिससे इन्हे स्वास्थ्य सुविधाएं समय से नहीं मिलती हैं और परेशानी का सामना करना पड़ता है। हमारे चिकित्सालय की टीम को भी दवाएं और अन्य साजो सामान को लगभग 2 किमी से लेकर अधिकतम 12 किमी तक पैदल ही ले जाना पड़ा।

कोविड 19 महामारी और सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाने पर भर्ती और परिवार से अलग होने के डर के कारण ग्रामवासी परामर्श के लिए जाने से बचते थे, ऐसे में हमारे शिविर मौसमी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और बीमारी से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत बने।

इन शिविरों में दी जाने वाली सेवाओं में बी.पी, तापमान, मधुमेह एवं ऑक्सीजन लेवल की माप / जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच भी शामिल थी। साथ ही रोगी की आवश्यकतानुसार नेबुलाइजेशन और ईसीजी की सुविधा भी की गई थी। हमेशा की तरह, सभी दवाएं पूरी तरह से निःशुल्क वितरित की गईं।

चिकित्सा शिविर में पाई गयीं कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याएँ एवं बीमारियाँ :

- कोविड जैसे लक्षण वाले रोगी (353)
- मांसपेशियों में दर्द और बदन दर्द
- न्यूरोपैथी
- उच्च रक्तचाप
- पेट संबंधी रोग
- गठिया
- मधुमेह



पंजीकरण
22-05-2021, हरमनी गांव



नेबुलाइजेशन प्रक्रिया
18-05-2021, बड़ागांव



मधुमेह की जाँच
27-05-2021, किमाणा गांव




दवाओं का वितरण
18-05-2021, बड़ागांव

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## पीपलकोटी - किमाणा ग्राम चिकित्सा शिविर - एक चुनौती

## अदम्य भावना एवं प्रयास - चिकित्सकीय सुविधाओं से वंचित आबादी तक पहुंचने की









27 मई का दिन जोशीमठ ब्लाक के सुदूर किमाणा गांव के निवासियों के लिए आश्चर्य से परिपूर्ण व चकित कर देने वाला था क्योंकि प्रथम बार किसी भी स्वास्थ्य टीम ने उनके गाँव में कदम रखा था। 12 किमी लम्बी व दुर्गम पहाड़ी इलाकों की रुकावटों और कई स्थानों पर बाधाओं का सामना करते हुए, चिकित्सीय उपकरण और दवाओं के साथ पीपलकोटी चिकित्सालय के समर्पित कार्यकर्ताओं ने पैदल उस स्थान तक पहुंचने में सचमुच अपने जीवन को खतरे में डाल दिया। सड़क की यात्रा भी उतनी ही खतरनाक थी क्योंकि यह संकरे हिस्सों के इलावा ऐसे स्थानों से होकर गुजरती थी जहां सड़कें थीं ही नहीं। वापसी की यात्रा फिर से जोखिमों से भरी थी लेकिन हमारी टीम की अदम्य भावना व साहस उन्हें कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने से रोकने में विफल रही।

पीपलकोटि चिकित्सालय ऐसे दुर्गम पहाड़ी एवं दूरदराज गांवों और स्थलों में चिकित्सा शिविर आयोजित करता रहा है ताकि विशेष रूप से कोविड महामारी समय के दौरान वंचितों और जरूरतमंदों तक पहुंचा जा सके। ऐसा ही एक चिकित्सा शिविर ग्राम प्रधान श्री मुकेश सेमवाल के अनुरोध पर उक्त गांव में आयोजित किया गया था और इसे आयोजित करने में उनका काफी योग्यदान भी रहा।

उन्होंने अपने गाँव में इस अति आवश्यक शिविर को आयोजित करने के लिए पीपलकोटि चिकित्सालय के डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

चिकित्सा जांच के अलावा, सभी ग्रामवासियों को कोविड महामारी से बचाव हेतु संबंधित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के बारे में जागरूक भी किया गया।

## माधव चिकित्सालय (केदारनाथ मार्ग), नारायणकोटी

### 4 गांवों के लिए कुल 4 शिविर आयोजित किए गए, जिसमे 167 लोग लाभान्वित हुए।

नारायणकोटी चिकित्सालय ने रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ ब्लॉक के ब्यूंग, अंद्रवाड़ी, मक्को और सेमी गाँव में 4 सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया। ये शिविर इस माह की 25 से 28 तारीख के बीच, हमारे चिकित्सालय से निकटतम 8 किमी की दूरी से लेकर अधिकतम 36 किमी की दूरी तक आयोजित किए गए थे।

टीम ने स्थानीय सरकारी स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लाभार्थियों का कोविड डायग्नोस्टिक टेस्ट (RAT और RT PCR) भी किया ।




कोविड जाचं के लिए सैंपल कलेक्शन : 26-05-2021, अंद्रवाड़ी गाँव



डॉक्टर परामर्श देते हुए
26-05-2021, अंद्रवाड़ी गाँव



दवाओं का वितरण
27-05-2021, मक्कू गांव



मधुमेह (ब्लड शुगर) की जाँच
26-05-2021, अंद्रवाड़ी गाँव



डॉक्टर परामर्श देते हुए
27-05-2021, मक्कू गांव

इन शिविरों में दी जाने वाली सेवाओं में बी.पी., तापमान, मधुमेह एवं ऑक्सीजन लेवल की माप / जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच भी शामिल थी। साथ ही रोगी की आवश्यकतानुसार नेबुलाइजेशन और ईसीजी की सुविधा भी की गई थी । हमेशा की तरह, सभी दवाएं पूरी तरह से निःशुल्क वितरित की गईं। चिकित्सा शिविर में पाई गयीं कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याएँ एवं बीमारियाँ :

- कोविड जैसे लक्षण (83)
- जोड़ों का दर्द और कमर दर्द
- पेट सम्बंधित रोग
- मधुमेह
- सरदर्द

# कोविड केयर

हमारी सोसायटी इन कोविड केयर सेंटरों को दिए गए सहयोग के लिए दाताओं का हृदय से आभार प्रकट करती है। इनके इस महत्वपूर्ण योगदान से सोसाइटी को कोविड केयर सेंटर को कार्यान्वित करने में बहुत सहायता मिली।

- द हंस फाउंडेशन
- सेवा इंटरनेशनल
- ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन
- डेमोक्रेसी पीपल फाउंडेशन
- सारथी समाज सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट
- एवं कई अन्य

**सोसाइटी ने कोविड महामारी की दूसरी लहर में अपनी भूमिका निभाना जारी रखा और अपने 3 और चिकित्सालयों को कोविड के इलाज हेतु परिवर्तित कर दिया। इन चिकित्सालयों में कोविड देखभाल और उपचार के बारे में उल्लेखनीय बात यह है कि ये सेवायें पूरी तरह से निःशुल्क है।**

**निःशुल्क में दी जा रही सुविधाओं में शामिल हैं:**

- चिकित्सालय में भर्ती
- चिकित्सक परामर्श
- सभी आवश्यक जाचें
- नर्सिंग केयर
- दवाएं
- ऑक्सीजन सपोर्ट
- तीन बार भोजन (नाश्ता, हल्दी दूध आदि सहित)
- फिजियोथेरेपी
- एम्बुलेंस सेवाएं



कोविड वार्ड में भर्ती रोगी-पीपलकोटी





**घरेलू स्पर्श**

भोजन की बर्बादी से बचने के लिए स्टाफ के द्वारा आवश्यकतानुसार भोजन परोसा गया

**धर्मावाला**





कोविड रोगियों के लिए फिजियोथेरेपी सत्र

**धर्मावाला**

## हरिद्वार : 50 ऑक्सीजन युक्त बेड

### प्रारम्भ: 26-04-2021

**आंतरिक रोगी**

मई में कोविड रोगियों की कुल संख्या : 57
स्वस्थ हुए : 35
उपचार के अंतर्गत : 6
मृत्यु : 2
संदर्भित : 14

**बाह्य रोगी**

मई माह के दौरान ओपीडी में कोविड जैसे लक्षण / इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी वाले देखे गए कुल रोगियों की संख्या : 86









कोविड वार्डों में देखभाल की एक झलक - हरिद्वार

# कोविड केयर

सभी कोविड रोगियों को होलिस्टिक (holistic) केयर भी दिया जा रहा है, जैसे की उनके दिन की शुरुआत एवं समाप्ति ओम (ॐ) के जाप के साथ होती है।

इसके अलावा पूर्व में भर्ती रहे कोविड मरीजों के पूर्णतः स्वस्थ होकर घर जाने की कहानियां सुनाकर प्रेरक सत्र भी आयोजित किए जाते हैं।



## धर्मावाला : 20 ऑक्सीजन युक्त बेड

**प्रारम्भ: 08-05-2021**

| आंतरिक रोगी | बाह्य रोगी |
|---|---|
| कोविड रोगियों की कुल संख्या : 34<br>स्वस्थ हुए : 18<br>उपचार के अंर्तगत : 8<br>मृत्यु : 2<br>संदर्भित : 6 | इस माह के दौरान ओपीडी में कोविड जैसे लक्षण / इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी वाले देखे गए कुल रोगियों की संख्या : 890 |



कोविड वार्डों में देखभाल की एक झलक - धर्मावाला

## पीपलकोटी : 14 ऑक्सीजन युक्त बेड

**प्रारम्भ: 21-05-2021**

| आंतरिक रोगी | बाह्य रोगी |
|---|---|
| कोविड रोगियों की कुल संख्या : 22<br>स्वस्थ हुए : 22<br>उपचार के अंर्तगत : 00<br>मृत्यु : 00<br>संदर्भित : 00 | इस माह के दौरान ओपीडी में कोविड जैसे लक्षण / इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी वाले देखे गए कुल रोगियों की संख्या : 598 |



कोविड वार्ड की एक झलक - पीपलकोटी



कोविड चिकित्सालय का उद्घाटन स्थानीय विधायक, डीएम व सीमओ की उपस्थिति में किया गया - 23-05-2021 नारायणकोटी

## नारायणकोटी : ऑक्सीजन युक्त बेड

**प्रारम्भ: 23-05-2021**

| आंतरिक रोगी | बाह्य रोगी |
|---|---|
| कोविड रोगियों की कुल संख्या : 06<br>स्वस्थ हुए : 03<br>उपचार के अंर्तगत : 02<br>मृत्यु : 00<br>संदर्भित : 01 | महीने के दौरान कोविड जैसे लक्षण / इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी के साथ देखे गए ओपीडी रोगियों की कुल संख्या : 503 |



कोविड वार्डों में देखभाल की एक झलक - नारायणकोटी

# कुछ उत्कृष्ट उदहारण

## और विशेष कार्यक्रम

### हरिद्वार

एक कोविड संदिग्ध पुरुष रोगी सांस की तकलीफ में 64% के कम SPO2 (ऑक्सीजन ) स्तर और HRCT स्कोर 21/25 के साथ आया। सभी दवाओं और देखभाल के साथ, उन्हें ऑक्सीजन के उच्च प्रवाह (24 लीटर/मिनट) पर रखा गया था।

एक अन्य कोविड संदिग्ध महिला रोगी 54% के SPO2 (ऑक्सीजन) स्तर के साथ सांस की तकलीफ में हमारे चिकित्सालय पहुंची, उसका HRCT स्कोर भी 21/25 था। सभी दवाओं और देखभाल के साथ, उसे इसी तरह ऑक्सीजन के बहुत उच्च प्रवाह (24 लीटर/मिनट) पर रखा गया था।

उल्लेखनीय है की यह दोनों रोगी अत्यंत गंभीर अवस्था में लाये गए थे व उनके जीवित बचने की संभावनाएं बहुत कम थी, परन्तु हरिद्वार चिकित्सालय की टीम द्वारा की गई सेवा और देखभाल से पूरी तरह से स्वस्थ एवं सामान्य होकर चिकित्सालय से विदा हुए ।



स्वस्थ हुए कोविड रोगी को हर्षपूर्वक विदा किया गया।

### धर्मावाला







कोविड रोगियों की जांच करते डॉक्टर

एक 70 वर्षीय पुरुष रोगी जिसका SpO2: 65%, HRCT स्कोर: 16/25

तथा

एक 40 वर्षीय पुरुष रोगी SpO2: 78% के साथ, और सांस लेने में कठिनाई

उल्लेखनीय है की यह दोनों रोगी भी अत्यंत गंभीर अवस्था में लाये गए थे व् उनके भी जीवित बचने की संभावनाएं बहुत कम थी, परन्तु धर्मावाला टीम द्वारा की गई सेवा और देखभाल से पूरी तरह से स्वस्थ एवं सामान्य होकर चिकित्सालय से विदा हुए ।

### नारायणकोटी

17 मई को नारायणकोटी चिकित्सालय में एक तीन वर्ष की लड़की जो की ऊंचाई से गिर गई थी लाया गया । लड़की बेहोशी की हालत में थी और उसे दौरे आ रहे थे, साथ ही उसे खून की उल्टियां भी हो रही थी ।

ऊँचाई से गिरने की वजह से उसके सिर, पेट व छाती में गंभीर चोटें लगी थी और बेहोशी की अवस्था में कुछ तरल पदार्थ देने की वजह से, कुछ हिस्सा फेफड़े में चला गया था ।

नारायणकोटी की एमरजेंसी टीम द्वारा तुरंत उपचार देते हुए उसे नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन (Non Invasive Ventilation) पर रखा गया व दौरों के लिए दवाएं शुरू कर दी गईं और साथ ही उसे लगातार मोनिटरिंग में रखा गया ।

एमरजेंसी टीम के द्वारा डेढ़ घंटे से अधिक के अथक प्रयास के बाद उसकी हालत कुछ स्थिर हुई और दौरे आने बंद हुए एवं थोड़ी चेतना वापस आई । पूरी तरह से स्थिर होने के पश्चात उसे उच्च केंद्र के लिए संदर्भित कर दिया गया ।

थोड़े दिनों बाद पता करने पर मालूम चला की उस लड़की की हालत पहले से बेहतर है और खतरे से बाहर है । नारायणकोटी टीम के प्रयासों के कारण एक छोटी से बच्ची असमय काल के मुह में जाने से बच गई ।



माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी

### धर्मावाला

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (12-05-2021) समारोह




नर्सों का सम्मान

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर, हमारे धर्मावाला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ को श्री योगेश वर्मा (मीडिया प्रभारी, भाजपा) व कुछ अन्य भाजपा सदस्यों, देवेंद्र धीमान, संजय बमोरिया, रोहित पाल और आदित्य गांधी द्वारा सम्मानित किया गया।


फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर नर्स दिवस मनाया जाता है। उन्हें आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक के रूप में जाना जाता है।

"सेवा का उत्तम भाव तुम्हारा,
निस्वार्थ है बहाव तुम्हारा
बिना भेदभाव के ख्याल रखती हो,
है जनमानस से लगाव तुम्हारा"





नर्सों का सम्मान


# आंकड़े





हरिद्वार चिकित्सालय कोविड केयर केंद्र बनने के कारण नियमित ओ पी डी बंद थी , जिससे उनके आकंडे कम हैं। 26-05-2021 से ओ पी डी सेवाएं पुन: आरंभ कर दी गयीं .




सीटी स्कैन की सुविधा केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है।
अल्ट्रासाउंड की सुविधा धर्मावाला और हरिद्वार के चिकित्सालयों में उपलब्ध है।




हमारे धर्मावाला, बड़कोट, पीपलकोटी, पेटशाल, मनेरी और नारायणकोटी के चिकित्सालयों में दन्त रोग ओपीडी की सुविधा उपलब्ध है। हरिद्वार के दन्त रोग की ओपीडी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था क्योंकि इसे कोविड चिकित्सालय में परिवर्तित कर दिया गया था।




हमारे 4 चिकित्सालयों में कोविड का इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है:
हरिद्वार, धर्मावाला , नारायणकोटी और पीपलकोटी।



सीटी स्कैन प्रक्रिया - धर्मावाला
कुल एचआरसीटी चेस्ट (HRCT Chest) : 267
(आंतरिक: 101 ; बाहर से संदर्भित: 166)



ई.सी.जी. - नारायणकोटी



दंत चिकित्सा - धर्मावाला



कोविड वार्ड में रोगी - धर्मावाला

नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत

## मई 2021

आपका अमूल्य दान है एक वरदान :
स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी
खाता संख्या: 32584491256
आई एफ एस सी कोड: SBIN0010626
शाखा का नाम: सी एस टी हरबर्टपुर, देहरादून

https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk
https://www.instagram.com/svhmuk/
svhmuk@gmail.com; anujdrs@gmail.com

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।

